सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-73
06/02/2018

मुख्यमंत्री ने 98 वर्ष की उम्र में स्नातकोत्तर परीक्षा उतीर्ण करने वाले श्री राजकुमार वैश्य को उनके घर जाकर सम्मानित किया

पटना 06 फरवरी, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजेन्द्र नगर स्थित रामजानकी इन्क्लेव के फ्लैट नंबर– 302 पहुँचकर 98 वर्ष की उम्र में अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की परीक्षा उतीर्ण करने वाले श्री राजकुमार वैश्य को आज अंगवस्त्र और पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। उक्त अंगवस्त्र महात्मा गाँधी के चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष से जबकि पुस्तक सर्वंशदानी दशमेश पिता श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व से संबंधित है।

श्री राजकुमार वैश्य वर्ष 2017 में नालंदा ओपेन युनिवेर्सिटी से स्नातकोत्तर की परीक्षा उतीर्ण की है। गौरतलब है कि श्री राजकुमार वैश्य के सुपुत्र प्रो0 श्री संतोष कुमार एन0आई0टी0 पटना में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के प्राध्यापक रह चुके हैं। पटना के राजेन्द्र नगर स्थित रामजानकी इन्क्लेव पहुँचने पर मुख्यमंत्री को शाल और पुष्प–गुच्छ भेंटकर प्रो0 श्री संतोष कुमार, उनके परिजनों और अपार्टमेंट के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने श्री राजकुमार वैश्य से बातचीत के क्रम में कहा कि बहुत दिनों से आपसे मिलने की इच्छा थी और 4 फरवरी को एन0आई0टी0 के एलुमनी मीट में प्रो0 श्री संतोष कुमार से मुलाकात होने के बाद आने का कार्यक्रम बना। मुख्यमंत्री से मुलाकात में श्री राजकुमार वैश्य ने 98 वर्ष की उम्र में पढ़ाई करने के दो कारण बताये। श्री वैश्य ने कहा कि घर में पढ़ाई का माहौल और पढ़ने का शौक मन में होने के कारण इस उम्र में हमने अर्थशास्त्र से पी0जी0 की परीक्षा पास की। उन्होंने कहा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए इस उम्र में पढ़ाई करने का संकल्प लिया। श्री वैश्य ने मुख्यमंत्री से कहा कि हम एक पुस्तक भी लिख रहे हैं, जिसे जल्द ही हम आपको भेंट करेंगे। इस अवसर मुख्यमंत्री के साथ बच्चों ने सेल्फी भी ली।

******